**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1063**
दिनांक 08.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

## स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालय

**1063. श्री भागीरथ चौधरी:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सभी के लिए सुलभ शौचालय के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों के निर्माण से संबंधित योजना किस तारीख को शुरू हुई और उसके तहत लाभार्थियों के चयन के लिए निर्धारित की गई प्रक्रिया क्या है;

(ख) क्या योजना के तहत लाभार्थियों के चयन के लिए कोई मानदंड तय किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के लॉन्च से लेकर अब तक वर्ष और राज्य-वार इसके तहत ग्रामीण और शहरी लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) राजस्थान में उक्त योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान जिलेवार कितनी धनराशि जारी की गई और लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री राजीव चन्द्रशेखर)

(क) और (ख): सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालयों तक पहुंच प्रदान करके 2 अक्टूबर 2019 तक देश के सभी गांवों में खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति प्राप्त करने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था। एसबीएम (जी) के तहत, सभी बीपीएल परिवारों और चिह्नित एपीएल परिवारों (एससी/एसटी परिवारों, दिव्यांग व्यक्तियों वाले परिवारों, वासभूमि वाले भूमिहीन मजदूरों, छोटे और सीमांत किसानों तथा महिला प्रमुख परिवारों), जिनके घरों में शौचालय नहीं हैं, के लिए व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) के निर्माण के लिए 12,000 रुपये के प्रोत्साहन का प्रावधान है।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा प्रशासित किया जा रहा है। एसबीएम (यू) को देश के शहरी क्षेत्रों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने और देश के शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के उद्देश्य से 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था। इस दिशा में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए, एसबीएम-यू 2.0 को 1 अक्टूबर, 2021 को पांच साल की अवधि के लिए शुरू किया गया था। कार्यसंबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार एसबीएम-यू 2.0 के तहत लाभार्थी परिवारों के चयन के मानदंड इस प्रकार हैं:

i. यूएलबी आवश्यक नए आईएचएचएल की संख्या का मूल्यांकन करने के लिए अंतराल का विश्लेषण करेंगे;
ii. यदि किसी परिवार को पहले की किसी योजना के तहत आईएचएचएल के निर्माण के लिए धन प्राप्त हुआ है, तो वह परिवार फिर से शौचालयों के लिए धन प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा;
iii. कोई यूएलबी जिसे कम से कम ओडीएफ + घोषित किया गया है, वह भी एसबीएम-यू 2.0 के तहत धन का अनुरोध कर सकता है, बशर्ते सर्वेक्षण में अतिरिक्त आईएचएचएल इकाइयों की आवश्यकता का उल्लेख किया गया हो।

(ग): एसबीएम (जी) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित आईएचएचएल की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार संख्या अनुबंध-1 में दी गई है। एसबीएम (यू) के तहत शहरी क्षेत्रों में निर्मित आईएचएचएल की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-2 में दिया गया है।

(घ): एसबीएम (जी) के अंतर्गत राज्यों को समेकित तरीके से निधियां जारी की जाती हैं। निधियों का आगे निचले स्तर की एजेंसियों को आबंटन/वितरण राज्य द्वारा किया जाता है। पिछले तीन वर्षों (2020-21 से 2022-23) के दौरान राजस्थान को कुल 793.97 करोड़ रुपये का केंद्र हिस्सा जारी किया गया था। एसबीएम (यू) के अंतर्गत भी निधियां राज्यों को जारी की जाती हैं न कि शहरी स्थानीय निकायों/जिलों/व्यक्तियों को। पिछले तीन वर्षों (2020-21 से 2022-23) के दौरान, एसबीएम (यू) के तहत राजस्थान सरकार को कुल 23.49 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। राजस्थान राज्य सरकार द्वारा एसबीएम (जी) की ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर, 06.02.2024 तक, सूचित किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 3 वर्षों के दौरान कुल 6,19,357 आईएचएचएल का निर्माण किया गया है और इसका जिला-वार विवरण अनुबंध-3 में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-1**

**एसबीएम (जी) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित आईएचएचएल की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार संख्या**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014-15(2-10-14 से 31.3.2015) | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 941 | 17594 | 0 | 1926 | 1704 | 340 | 219 | 15 |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश | 160512 | 337901 | 727784 | 2151448 | 518695 | 253369 | 84233 | 4121 | 2819 | 14533 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5665 | 16036 | 41077 | 50472 | 16795 | 2490 | 11194 | 3520 | 3194 | 1743 |
| 4 | असम | 109958 | 479836 | 1001641 | 773988 | 888403 | 303349 | 422561 | 82150 | 115305 | 29186 |
| 5 | बिहार | 111334 | 325096 | 736935 | 2342610 | 6395224 | 1323550 | 385430 | 16397 | 841255 | 635085 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 20344 | 299556 | 1335039 | 1336734 | 215819 | 112590 | 34918 | 59800 | 54174 | 50192 |
| 7 | दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव | 0 | 0 | 0 | 20358 | 0 | 0 | 714 | 1447 | 43 | 0 |
| 8 | गोवा | 0 | 28508 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1783 |
| 9 | गुजरात | 216692 | 904190 | 1543818 | 474928 | 101469 | 540745 | 327158 | 109090 | 30504 | 56819 |
| 10 | हरियाणा | 47733 | 130396 | 97551 | 353877 | 31900 | 12334 | 4604 | 11128 | 11072 | 15380 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 25982 | 61813 | 83185 | 10 | 15 | 146 | 93 | 21282 | 15247 | 9317 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 8492 | 51521 | 65235 | 401050 | 522192 | 38788 | 82033 | 14767 | 48667 | 30465 |
| 13 | झारखंड | 63871 | 288415 | 793033 | 1151951 | 1084001 | 192915 | 513091 | 25507 | 25322 | 23969 |
| 14 | कर्नाटक | 697454 | 545228 | 700529 | 1633464 | 752211 | 195969 | 209228 | 88245 | 15712 | 46148 |
| 15 | केरल | 19212 | 12351 | 194536 | 0 | 2 | 636 | 9298 | 5104 | 4794 | 1891 |
| 16 | लक्षद्वीप | 944 | 1903 | 3885 | 9538 | 0 | 1798 | 0 | 971 | 1082 | 1877 |
| 17 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 235014 | 989775 | 1822188 | 2390360 | 991468 | 332465 | 173785 | 235361 | 194294 | 197532 |
| 19 | महाराष्ट्र | 332224 | 881290 | 1828001 | 2317157 | 370704 | 729164 | 252029 | 123971 | 125768 | 94306 |
| 20 | मणिपुर | 21566 | 48062 | 41624 | 57177 | 79530 | 11989 | 4070 | 3980 | 6362 | 1924 |
| 21 | मेघालय | 18362 | 50525 | 47463 | 91960 | 1 | 9688 | 31201 | 29540 | 19657 | 3428 |
| 22 | मिजोरम | 461 | 3677 | 4785 | 23876 | 2664 | 673 | 2370 | 6347 | 0 | 2095 |
| 23 | नागालैंड | 0 | 15807 | 8003 | 51410 | 51060 | 1151 | 3285 | 8950 | 3472 | 1832 |
| 24 | ओडिशा | 93064 | 1162145 | 1211180 | 723037 | 2237283 | 1314759 | 249168 | 132827 | 127463 | 66119 |
| 25 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 2257 | 7227 | 18060 | 265 | 667 | 609 | 158 | 204 |
| 26 | पंजाब | 7688 | 60474 | 103815 | 70211 | 47191 | 101124 | 64826 | 13559 | 16506 | 13002 |
| 27 | राजस्थान | 492685 | 1904377 | 2394502 | 1956767 | 143520 | 688464 | 306406 | 144951 | 168000 | 90315 |
| 28 | सिक्किम | 937 | 3674 | 0 | 0 | 2129 | 622 | 1729 | 3488 | 3809 | 2119 |
| 29 | तमिलनाडु | 195223 | 775949 | 968639 | 2610397 | 755888 | 153638 | 88122 | 100676 | 46934 | 48144 |
| 30 | तेलंगाना | 70218 | 230453 | 517415 | 1485528 | 462311 | 239319 | 112864 | 9085 | 154 | 0 |
| 31 | त्रिपुरा | 23112 | 55369 | 46502 | 32680 | 137261 | 79509 | 53492 | 12099 | 13075 | 12344 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 420114 | 618244 | 1579133 | 4241557 | 9629665 | 3769390 | 946897 | 752524 | 366601 | 1484071 |
| 33 | उत्तराखंड | 28333 | 60115 | 322571 | 44521 | 20511 | 19831 | 3927 | 11993 | 9027 | 8634 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 587440 | 1532393 | 2307901 | 1046940 | 678590 | 670232 | 507860 | 213330 | 456443 | 189191 |
| | **भारत** | **4014634** | **11875079** | **20531168** | **27868827** | **26154562** | **11102888** | **4888957** | **2247159** | **2727132** | **3133663** |

स्रोत: एसबीएम (जी) के ऑनलाइन आईएमआईएस पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़े

**अनुबंध-2**

**एसबीएम-यू के लॉन्च के बाद से एसबीएम-यू के तहत दिसंबर, 2023 तक निर्मित आईएचएचएल का राज्य-वार विवरण**

| क्र. सं. | राज्य | निर्मित आईएचएचएल की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2,43,764 |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 336 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 9,743 |
| 4 | असम | 78,214 |
| 5 | बिहार | 3,93,613 |
| 6 | चंडीगढ़ | 6,117 |
| 7 | छत्तीसगढ | 3,26,429 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव | 2,378 |
| 9 | दिल्ली | 725 |
| 10 | गोवा | 3,800 |
| 11 | गुजरात | 5,60,046 |
| 12 | हरियाणा | 66,638 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 6,743 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 51,246 |
| 15 | झारखंड | 2,18,686 |
| 16 | कर्नाटक | 3,93,278 |
| 17 | केरल | 37,207 |
| 18 | लद्दाख | 410 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 5,79,642 |
| 20 | महाराष्ट्र | 7,14,978 |
| 21 | मणिपुर | 40,175 |
| 22 | मेघालय | 1,604 |
| 23 | मिजोरम | 12,607 |
| 24 | नागालैंड | 20,448 |
| 25 | ओडिशा | 1,54,196 |
| 26 | पुदुचेरी | 5,162 |
| 27 | पंजाब | 1,03,683 |
| 28 | राजस्थान | 3,68,515 |
| 29 | सिक्किम | 1,527 |
| 30 | तमिलनाडु | 5,23,721 |
| 31 | तेलंगाना | 1,57,165 |
| 32 | त्रिपुरा | 21,839 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 8,97,697 |
| 34 | उत्तराखंड | 25,701 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 2,82,542 |

स्रोत: आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से प्राप्त सूचना

## पिछले 3 वर्षों के दौरान राजस्थान में निर्मित आईएचएचएल की जिलेवार संख्या

| क्र. सं. | जिला | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 13944 | 4403 | 3898 | 22245 |
| 2 | अलवर | 9885 | 2114 | 4213 | 16212 |
| 3 | अनूपगढ़ | 2276 | 1384 | 3350 | 7010 |
| 4 | बालोतरा | 1598 | 3014 | 4161 | 8773 |
| 5 | बांसवाड़ा | 10246 | 3262 | 7713 | 21221 |
| 6 | बारां | 4087 | 2177 | 2639 | 8903 |
| 7 | बाड़मेर | 2241 | 5432 | 4809 | 12482 |
| 8 | ब्यावर | 1186 | 199 | 338 | 1723 |
| 9 | भरतपुर | 821 | 2742 | 2820 | 6383 |
| 10 | भीलवाड़ा | 3152 | 1869 | 2946 | 7967 |
| 11 | बीकानेर | 3644 | 5593 | 8397 | 17634 |
| 12 | बूंदी | 6882 | 3651 | 3641 | 14174 |
| 13 | चित्तौड़गढ़ | 8516 | 5398 | 3269 | 17183 |
| 14 | चुरू | 3581 | 4105 | 3797 | 11483 |
| 15 | दौसा | 3244 | 691 | 5282 | 9217 |
| 16 | डीग | 2752 | 4153 | 2495 | 9400 |
| 17 | धौलपुर | 8881 | 4972 | 3857 | 17710 |
| 18 | डीडवाना कुचामन | 3271 | 3471 | 2714 | 9456 |
| 19 | दूदू | 433 | 809 | 2346 | 3588 |
| 20 | डूंगरपुर | 11797 | 5094 | 6586 | 23477 |
| 21 | गंगानगर | 1714 | 1098 | 2762 | 5574 |
| 22 | गंगापुरसिटी | 6191 | 3439 | 2451 | 12081 |
| 23 | हनुमानगढ़ | 18427 | 4227 | 3853 | 26507 |
| 24 | जयपुर | 449 | 661 | 296 | 1406 |
| 25 | जयपुर ग्रामीण | 663 | 3225 | 3211 | 7099 |
| 26 | जैसलमेर | 1389 | 2779 | 5230 | 9398 |
| 27 | जालोर | 3884 | 3092 | 2365 | 9341 |
| 28 | झालावाड़ | 4732 | 1385 | 1836 | 7953 |
| 29 | झुंझुनूं | 4482 | 2718 | 1995 | 9195 |
| 30 | जोधपुर | 1726 | 310 | 967 | 3003 |
| 31 | जोधपुर ग्रामीण | 10008 | 3718 | 5903 | 19629 |
| 32 | करौली | 2399 | 731 | 1887 | 5017 |
| 33 | केकड़ी | 339 | 675 | 344 | 1358 |
| 34 | खैरथल-तिजारा | 5232 | 1320 | 1983 | 8535 |
| **35** | कोटा | 6047 | 1663 | 2123 | 9833 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 36 | कोटपूतली-बहरोड़ | 2836 | 3241 | 3833 | 9910 |
| 37 | नागौर | 786 | 4957 | 3095 | 8838 |
| 38 | नीम का थाना | 14212 | 4928 | 2889 | 22029 |
| 39 | पाली | 1492 | 4943 | 5243 | 11678 |
| 40 | फलौदी | 8144 | 2895 | 4609 | 15648 |
| 41 | प्रतापगढ़ | 29847 | 2074 | 3587 | 35508 |
| 42 | राजसमंद | 8203 | 942 | 2571 | 11716 |
| 43 | सलूंबर | 9325 | 2389 | 3271 | 14985 |
| 44 | सांचौर | 3091 | 4691 | 5453 | 13235 |
| 45 | सवाई माधोपुर | 1948 | 878 | 1040 | 3866 |
| 46 | शाहपुरा | 2309 | 1398 | 1205 | 4912 |
| 47 | सीकर | 6848 | 3465 | 2984 | 13297 |
| 48 | सिरोही | 1932 | 1435 | 3730 | 7097 |
| 49 | टोंक | 4149 | 4579 | 2694 | 11422 |
| 50 | उदयपुर | 41165 | 6562 | 5319 | 53046 |
| **कुल** | | **3,06,406** | **1,44,951** | **1,68,000** | **6,19,357** |

स्रोत: एसबीएम (जी) के ऑनलाइन आईएमआईएस पर राजस्थान राज्य सरकार द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़े